U

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–84 (लो०सू०अ०)/2023–24
श्री अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन', पता–महात्मा गांधी नगर, कटीरा तालाब, आरा–802301
बनाम
लोक सूचना पदाधिकारी, वीर कुँअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
29.09.2023	श्री अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन', पता–महात्मा गांधी नगर, कटीरा तालाब, आरा–802301 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–22.09.2023 इस कार्यालय में दिनांक–27.09.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–**59F 893556** दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी श्री अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन' ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–06.08.2023 को सूचना का अधिकार का अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा दी गई सूचना से असंतुष्ठ होने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही श्री अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन' ने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–06.08.2023 की छायाप्रति भी संलग्न किया है। लोक सूचना पदाधिकारी को अपीलार्थी द्वारा भेजे एवं प्रपत्र–'क' एवं अन्य संलग्न कागजात को भेजते हुए यह निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–06.08.2023 पर की गयी कार्रवाई संबंधी लिखित प्रतिवेदन/अभिलेख के साथ अगली तिथि को उपस्थित रहें। अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–12.10.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 29/9/2023 **विशेष कार्य पदाधिकारी** –सह– **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

ज्ञापांक- 1508/रा०स०(III) दिनांक- 29-09-2023

प्रतिलिपि:-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, वीर कुँअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा/श्री अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन', पता-महात्मा गांधी नगर, कटीरा तालाब, आरा-802301 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/9/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी

अपील वाद संख्या–84 (लो०सू०अ०)/2023–24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
12.10.2023	दिनांक-29.10.2023 को पारित आदेश के क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय से प्रतिवेदन प्राप्त है। उक्त प्रतिवेदन के माध्यम से उन्होंने सूचित किया है कि उनके द्वारा अपने पत्रांक-161 दिनांक-13.09.2023 के माध्यम से अपीलार्थी को सूचना भेजी जा चुकी है। विदित हो कि अपीलार्थी श्री अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन' द्वारा प्रपत्र 'क' दिनांक-06.08.2023 के माध्यम से निम्नांकित सूचना की मांग की गयी थी- *"Please provide me attested copy of the report clearly showing about the action taken on my application dated 29-06-2023 (A copy of my application is enclosed herewith)".* साथ ही उन्होंने अपने आवेदन दिनांक-29.06.2023 की छायाप्रति भी संलग्न की है। उक्त आवेदन आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा आवेदन पत्र श्री के.के.पाठक, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को वीर कुँअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य महिला विद्यार्थियों से स्नातक स्तर पर नामांकन शुल्क लिये जाने से संबंधित भेजा था। अपीलार्थी द्वारा अब उक्त अभ्यावेदन/आवेदन पत्र दिनांक-29.06.2023 पर की गयी कार्रवाई की मांग राज्यपाल सचिवालय से की जा रही है जो उचित प्रतीत नहीं होता है। यह सूचना शिक्षा विभाग, बिहार के पास उपलब्ध होगा न की राज्यपाल सचिवालय के पास होगा। उक्त आवेदन के संबंध में राज्यपाल सचिवालय द्वारा की गयी कार्रवाई/अद्यतन स्थिति की सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में इस अपील वाद पर किसी प्रकार की अग्रतर कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। ह०/- 12/10/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-1588/रा०स०(III) दिनांक-13-10-2023

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/श्री अजय कुमार तिवारी ''मुनमुन'', महात्मा गाँधी नगर, कतिरा तालाब, आरा, भोजपुर-802301 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह०/- 12/10/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी